## प्रशिक्षण में छात्राओं ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीकें

### गुरुदेव पैरामेडिकल कॉलेज में रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गुरुदेव संस्थान पैरामेडिकल कॉलेज में शनिवार को रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य भविष्य के स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने की तकनीक से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनुज पाराशर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सीपीआर की बारीकियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने या सांस रुकने की



स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। डॉ. पाराशर ने सही तरीके से चेस्ट कंप्रेशन और ब्रीदिंग देने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया और बताया कि कैसे एक सजग नागरिक आपातकाल में किसी की जान बचा सकता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ हरवीर रघुवंशी ने रेडक्रॉस द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करते हुए उनके विभिन्न प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक चर्चा में भाग लेकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। कार्यक्रम में संस्थान का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में संस्था प्रबंधन द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही रेडक्रॉस सासाहिक कार्यक्रम के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसाइटी एवं गायत्री परिवार के सहयोग से ग्राम गूगोर मढ़ी में पंच कुंडी महायज्ञ का आयोजन भी हुआ। जिसमें रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने नशा मुक्ति का संदेश दिया, जिसमें दो लोगों ने तत्काल प्रभाभित होकर नशा बीड़ी छोड़ दी उपस्थित सभी लोगो को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल यादव, सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ हरवीर रघुवंशी, अशोक रघुवंशी डॉ आनंद मोहन दुबे, भूपेंद्र रघुवंशी, सुरेश क्रांतिकारी, विक्रम सिंह यादव, शिवराज यादव, माधोराज यादव, उदयभान सिंह, विनोद शर्मा सहित गायत्री परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## फिर धड़कने लगा नन्ही परी का दिल

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कराया 4 वर्षीय बालिका का सफल ऑपरेशन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कहा जाता है कि दुआओं और आधुनिक चिकित्सा में वो दम है जो थमने वाली धड़कनों को भी रफ्तार दे देती है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला है, जिले 4 वर्षीय नन्ही परी में जो दिल के ऑपरेशन के बाद फिर से खिलखिला उठी और उसका दिल धड़कने लगा है। यह सब संभव हो सका है राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत, जिसमें मेडिकल ऑफिसर ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नन्ही



परी की पूर्ण चिकित्सीय गतिविधी कराई और उसके परिवार चेहरे पर मुस्कान विखेर दी। वहीं ऑपरेशन सफल होने के बाद परिजनों द्वारा कलेक्टर और सीएमएचओ को धन्यवाद दिया है।

RBS मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि कलेक्टर साकेत मालवीय मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अंशिका (परिवर्तित नाम) का देश के सुप्रसिद्ध अस्पताल SRCC नारायणा हेल्थ के डॉ सुप्रीतम सेन द्वारा सफल ऑपरेशन हुआ, जो कि पूर्णतः निःशुल्क हुआ। दरअसल जिले के ईसागढ़ विकाश खण्ड की 4 वर्षीय अंशिका विगत दिवस हृदय परीक्षण शिविर में चिन्नांकित हूई थी, जिसके दिल में छेद था, लेकिन परिजन आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थे । लेकिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इस नन्हीं सी परी का मुंबई में ऑपरेशन कराया गया है, जो कि अब पूर्णतः स्वस्थ है। वहीं नन्ही परी का दिल अब फिर से धड़कने लगा है।

## एक नजर में

### फरार आरोपी को बीना से किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में ईसागढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब के विरूद्ध अभियान में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने बीना जिला सागर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल ईसागढ़ पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त की गई थी। जहां से आरोपी कुक्के उर्फ हाकिम सिंह सिख पुत्र सिंगार सिंह सिख निवासी ग्राम डेंगा थाना ईसागढ़ घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसकी छानबीन पुलिस द्वारा की जा रहीं थी। जिसके चलते पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी कुक्के उर्फ हाकिम सिंह सिख पुत्र सिंगार सिंह सिख को बीना जिला सागर से गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस कार्यवाहीं में थाना प्रभारी ईसागढ़ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक अभिजीत सिंह (सायबर सेल), प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, यशपाल, प्रद्युम्न रावत, जगदीश यादव, आरक्षक हेमंत मिश्रा एवं चालक अर्जुन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### बका के साथ युवक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने बारदात की नियत से धारदार बका लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बहादुरपुर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम मोलाडेम स्थित दमदमा रोड के सामने धारदार बका लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है तथा किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर थाना बहादुरपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी सचिन पुत्र पूरन खटीक निवासी ग्राम अथाईखेड़ा को पकड़ गया, तथा तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक धारदार बका बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बहादुरपुर में अपराध पंजीवद्ध किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बहेरिया में एक युवक के साथ दो लोगों ने लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया है। तो वहीं उसने इस मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रूप नगर बहेरिया निवासी सतीश पुत्र नरेश बाल्मिक से राज बाल्मीक एवं अभिषेक जाटव ने बहेरिया तालाब पर मारपीट कर दी।

## आपसी समझौते से 930 प्रकरणों का निराकरण

### नेशनल लोक अदालत में 16 खण्डपीठों ने की सुनवाई, टूटा परिवार हुआ एक

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में शनिवार को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसके तहत कुल 16 न्यायालयीन खण्डपीठों के माध्यम से कुल 312 मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें आपराधिक प्रकरण 73, क्लेम प्रकरण 1, एनआईएक्ट 138 के 111, ट्रेफिक चालान प्रकरण 22, विद्युत प्रकरण 38, सिविल प्रकरण 4, अन्य मामले 37, वैवाहिक प्रकरण 24, वसीयत संबंधी 1, मध्यस्थ संबंधी 1 एवं 618 प्रीलिटिगेशन स्तर के मामले शामिल रहे एवं कुल 930 प्रकरणों में 127,955,813/- रूपये (बारह करोड उन्यासी लाख पचपन हजार आठ सौ तैरह रूपये) राशि का अवार्ड पारित हुआ।

शनिवार को जिला न्यायालय परिवर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शर्मा द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व पक्षकरों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु समस्त न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, बैंक, विद्युत, बीएसएनएल तथा नगरपालिका विभाग के



**समझौते से विखरा परिवार फिर हुआ एक**

शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालय जेएमएफसी सोनम गुप्ता के न्यायालय में एक पारिवारिक विवाद का सुखद समाधान हुआ। प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपने पति के विरुद्ध स्वयं एवं अपने नाबालिग पुत्र एवं पुत्री के भरण-पोषण हेतु धारा 144, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था। सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद के लिए प्रेरित किया गया। न्यायालय के प्रयासों एवं नेशनल लोक अदालत की सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं राजीखुशी से समझौता करने हेतु तैयार हो गए। नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी के मध्य सभी विवाद समाप्त हो गए तथा परिवार को पुनः एक साथ रहने का अवसर मिला। समझौते के उपरांत नाबालिग बच्चे भी अपने माता-पिता के साथ प्रसन्नता पूर्वक अपने पिता के घर चले गए। इस प्रकार एक टूटते हुए परिवार को पुनः जोड़ने में नेशनल लोक अदालत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अधिकारियों, कर्मचारियों से अपील की और उन्होने कहा कि जन सामान्य में व्याप्त पारिवारिक समस्या, आपराधिक प्रकरण आदि को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौते के आधार पर निराकृत किया जा सकता है। इस अवसर कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**केसीसी लोन प्रकरणों का हुआ राजीनामा**

नेशनल लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रिया चौहान की खंडपीठ -8 में एक बड़े बैंक रिकवरी प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। प्रकरण क्रमांक 274/2023 में एचडीएफसी बैंक द्वारा किसान राधेश्याम लोधी के विरुद्ध किसान क्रेडिट कार्ड लोन की वसूली हेतु वाद प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में 13,91,000 रुपये की राशि विवादित थी, जो लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन थी। नेशनल लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी और बैंक के शाखा प्रबंधक के प्रयासों से उभयपक्षों के मध्य सुलह वार्ता कराई गई। न्यायालय की समझाइस के बाद अनावेदक किसान राधेश्याम लोधी द्वारा अवार्ड राशि जमा करने पर सहमति व्यक्त की गई। एचडीएफसी बैंक द्वारा भी नियमानुसार ब्याज एवं विलंब शुल्क में रियायत प्रदान की गई। उभयपक्षों की राजीखुशी से 13.91 लाख रुपये के लोन प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण हो गया। इस राजीनामे से बैंक का एनपीए खाता नियमित हो गया।



## घाट बमुरिया में महामाई के मंदिर में तोड़फोड़, आरोपी गिरफ्तार

**मंदिर मे तोड़फोड़ के बाद ग्राम में रोष**

**ग्रामीणों ने आरोपी को किया पुलिस के हवाले**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाट बमुरिया में एक युवक द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए महामाई मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं की तोड़फोड़ कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों में रोष था, तो वहीं ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाला कर दिया। वहीं घटना के सबंध में पुजारी द्वारा बहादुरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

थाने पहुंचे भगवती प्रसाद पुत्र जगन्नाथ शर्मा ने बताया कि भीमराज अहिरवार द्वारा ग्राम स्थित महामाई मंदिर में स्थापित मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। जिसके बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के उपरांत आरोपी द्वारा घटनास्थल पर उपस्थित लोगों के साथ विवाद एवं मारपीट करने का प्रयास कर शांति भंग करने की स्थिति निर्मित की जा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तथा किसी भी संज्ञेय अपराध को रोकने हेतु पुलिस द्वारा आरोपी भीमराज अहिरवार को मौके से धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक रामनरेश बरूआ, प्रधान आरक्षक पुष्पराज सिंह यादव, सोनू रघुवंशी, कृष्णपाल रघुवंशी एवं आरक्षक राजाराम पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राज्यपाल ने प्रियेश का किया सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सुखमनी सेवा परिवार के अहम सदस्य श्याम कन्हौआ एवं उनकी धर्म पत्नी वंदना कन्हौआ को सुखमनी सेवा समिति में पूर्ण लग्न और निष्ठा से कार्य करते हुए लगातार वर्षों से भोजन निर्माण कर सभी को सस्वाद भोजन उपलब्ध कराने तथा ब्लड हेल्प क्लब अशोकनगर के संचालक प्रियेश शर्मा द्वारा हर समय जरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर, रक्त उपलब्ध कराकर उपचार में सहयोग करने को दृष्टिगत रखते हुए 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस पर मप्र के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्र, शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।



### चंदेरी में सम्मानित हुए सीडीपीओ सत्यपाल शेखरन, करैरा हुआ स्थानांतरण

**चंदेरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग में पिछले छह वर्षों से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे सीडीपीओ सत्यपाल शेखरन के करैरा स्थानांतरण पर शनिवार को सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वक्ताओं ने कहा कि श्री शेखरन ने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव, कार्यशैली और सभी कर्मचारियों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार ने उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाया। इस मौके पर राशिद खान, अवधेश तिवारी, गजेन्द्र सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।


## बाहर रहता था परिवार, हजारों में आया बिजली बिल

### घर लौटा परिवार तो मीटर से हो रही थी बिजली चोरी, उपभोक्ता ने पुलिस में की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर में स्थित मल्टी में बिजली चोरी का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत उपभोक्ता द्वारा बिजली कंपनी और पुलिस महकमे से की गई है। यह बिजली चोरी जब उजागर हुई, जब सैंकड़ो रूपये में आने वाला बिजली बिल हजारों में तब्दील हो गया। जिसके चलते उपभोक्ता परेशान हो गया और आनन-फानन में भोपाल से अपने निज निवास के लिए कूच किया। यह आकर देखा तो उपभोक्ता का पड़ोसी उसके मीटर से चोरी करते हुए पाया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित उपभोक्ता द्वारा विद्युत वितरण केंद्र और देहात थाना में की है।

तुलसी सरोवर कालोनी स्थित मल्टी में रहने वाले डॉ. विशाल राय ने बताया कि वह भोपाल में रहकर प्रेक्टिस करते है, तो वहीं महीनों से उनका परिवार भोपाल में ही था, जिसके चलते



उनका मीटर की रीड़िंग स्थिर थी और 60 रूपये से लेकर 80 रूपये बिल आ रहा था, जिसे उनके द्वारा ऑनलाइन जमा किया जा रहा था, लेकिन अप्रेल महीने का मीटर बिल करीब चार हजार रूपये आया है, जिसे देख वह दंग रह गए और इसकी शिकायत उन्होंने बिजली कंपनी से की। वहीं जब कोई बात नहीं बनी तो वह भोपाल से अपने मल्टी स्थित प्लेट में पहुंचे, जहां रूकने के साथ उन्होंने अपने विद्युत उपकरणों को चैक किया, कहीं कोई चालू तो नहीं, चैक करने के बाद पाया गया कि कोई विद्युत उपकरण चालू नहीं था, इसके बाद उन्होंने मीटर को देखा जहां मैन लाइन में एक दूसरे व्यक्ति के तार जुड़े हुए थे और उसके प्लेट में एसी से लेकर अन्य उपकरण चल रहे थे, जिसके कारण बिजली बिल बड़कर आया।

**थाने से लेकर बिजली कंपनी में की शिकायत:** बिजली चोरी का गंभीर मामला होने की बजह से श्री राय ने पहले इसकी शिकायत प्लेट मालिक सहित कालोनी से सचिव की, लेकिन कोई जबाब नहीं मिला, इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत बिजली कंपनी से लेकर पुलिस थाने में की गई।

**निरीक्षण**

**नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष ने किया विभिन्न खरीदी केंद्रो का दौरा**

## अन्नदाता का एक-एक दाना नियम एवं सम्मान से तौला जाए : केपी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव द्वारा जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने अथाई खेड़ा समिति के खाकलोन खरीदी केन्द्र, सिंघाड़ा समिति के तहत दमदमा खरीदी केन्द्र, जलालपुर वेयर हाउस में चना, मसूर, सरसों के खरीदी केन्द्र कुकावली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मुंगावली इसरार खान, तहसीलदार बहादुरपर कैलाशचंद्र मालवीय सहित



संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे थे।

निरीक्षण के दौरान श्री यादव ने कहा कि मेरा लक्ष्य स्पष्ट है, मेरे अन्नदाता का एक-एक दाना नियम अनुरूप और सम्मान के साथ तुला जाए। तुलाई केंद्रों पर कांटों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता हेतु कांटों का उचित प्रमाणीकरण सुनिश्चित हो। उपार्जन के साथ-साथ अनाज की समय पर ढुलाई हो, ताकि किसानों को उनके भुगतान में देरी न हो। उन्होंने कहा कि जहां भी छोटी-मोटी अनियमितताएं होनें पर उन्हें तत्काल ठीक करने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

**केंद्रों में पहुंचे संभाग आयुक्त**

संभाग आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने शनिवार को जिले की नवीन कृषि उपज मण्डी एवं प्रेम किशन वेयर हाउस स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर उपार्जन कार्यों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, भुगतान, परिवहन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उपार्जन कार्य पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संपन्न किया जाए।

## सीएम, सिंधिया के स्वागत की तैयारी

**आज गुना आयेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव**

**सिंधिया कार्यालय पर बैठक में लिये निर्णय**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शनिवार को क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के रविवार को प्रस्तावित गुना आगमन को लेकर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अडानी ग्रुप द्वारा एक हजार करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने



वाली सीमेंट फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में आ रहे दोनों नेताओं के स्वागत की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व विधायक श्री जज्जी ने बताया कि इस बड़ी औद्योगिक परियोजना से गुना-शिवपुरी-अशोकनगर संसदीय क्षेत्र के लगभग 1000 से 1500 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र के विकास एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि अशोकनगर के बैनर तले अधिक से अधिक संख्या में गुना पहुंचकर स्वागत स्थल पर उपस्थित रहें।